Please check the examination details below before entering your candidate information

| नाम | कक्षा | विभाग |
|---|---|---|
| | | |

# BLOOM हिन्दी ओलम्पियाड (BHO)

## प्रश्न-पत्र 2023-24

**कक्षा 5**

कुल प्रश्न : 50 + 5 (Tie-Breaking सेक्शन)

**कुल निर्धारित समय :** 60 मिनट

**कुल अंक** : 60

### निर्देश

1. इस पुस्तिका में **50 बहुविकल्पीय प्रश्न** हैं, जिनके 4 विकल्प दिए गए हैं। इनमें से **सिर्फ एक विकल्प** सही है।
2. इस प्रश्न-पत्र को दो खण्डों में बाँटा गया है—सेक्शन '1' और सेक्शन '2'। सेक्शन 1 में 40 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है तथा सेक्शन 2 में 10 प्रश्न हैं, जो उच्च चिंतन कौशल पर आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
3. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं। किसी भी गलत उत्तर के लिए **नकारात्मक अंक** नहीं दिया जाएगा।
4. पूरे प्रश्न-पत्र को करने के लिए 1 घण्टे का समय निर्धारित है।
5. पेपर को करने से पहले नीचे दिए गए स्थान में अपनी जानकारी अवश्य भरें।

### OMR शीट निर्देश

1. पेपर शुरू करने से पहले OMR शीट में सभी जानकारी भरें।
2. पेपर शुरू होने से पहले OMR शीट भरने के लिए 10 मिनट अधिक दिए जाएँगे।
3. OMR शीट में सही गोले को भरने के लिए HB पेंसिल का प्रयोग करें। OMR शीट में सही तरह से गोला भरने का तरीका नीचे दिया गया है।
   ● ○ ○ ○
4. OMR शीट में सभी जानकारी भरने के लिए काले या नीले बॉल पेन या HB पेंसिल का प्रयोग कर सकते हैं। आंशिक रूप से भरी गई OMR शीट की जाँच नहीं की जाएगी।
5. पेपर समाप्त होने के बाद OMR शीट निरीक्षक को वापस कर दें।

CODE #1

**HI5**

BLOOM CAP
Founded by | arihant

## सेक्शन '1' (1 अंक)

**1.** कौन-सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है?
(a) बंगला (b) अंग्रेजी
(c) मराठी (d) कन्नड़

**2.** 'श्रीकृष्ण बाँसुरी बजा रहे हैं।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द में चिह्न है
(a) अनुस्वार (b) विसर्ग
(c) अनुनासिक (d) इनमें से कोई नहीं

**3.** 'त्रिभुज के तीन कोण होते हैं।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द का वर्ण विच्छेद होगा
(a) त्र + इ + भ् + उ + ज + अ
(b) त + इ + भ् + उ + ज
(c) त् + र् + इ + भ् + उ + ज् + अ
(d) त + र + भ + उ + ज् + अ

**4.** निम्न में से अनुस्वार युक्त शब्द कौन-सा है?
(a) अँगूठी (b) मंदा
(c) क्रमशः (d) हॉकी

**5.** निम्न में से योगरूढ़ शब्द है
(a) घनश्याम (b) गजानन
(c) चक्रधर (d) ये सभी

**6.** 'स्वाति और गर्विता दोनों अच्छी सहेलियाँ हैं।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द है
(a) उद्देश्य (b) विधेय
(c) उद्देश्य और विधेय (d) इनमें से कोई नहीं

**7.** 'अब तक अभय छात्रावास पहुँच गया होगा।' यह किस प्रकार का वाक्य है?
(a) विधानवाचक (b) सन्देहवाचक
(c) प्रश्नवाचक (d) विस्मादिवाचक

**8.** 'मुझे पता है कि नानी आज नहीं आएँगी' रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद है
(a) साधारण वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्रित वाक्य (d) ये सभी

**9.** 'जनवरी में बहुत अधिक सर्दी होती है।' वाक्य में रेखांकित शब्द में संज्ञा है
(a) जातिवाचक (b) व्यक्तिवाचक
(c) भाववाचक (d) द्रव्यवाचक

**10.** 'करेला कड़वा होता है' वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए भाववाचक संज्ञा शब्द क्या होगा?
(a) कड़वी (b) कड़वापन
(c) कड़ा (d) कड़क

**11.** 'गति' का बहुवचन होगा
(a) गतिया (b) गतियाँ
(c) गतीका (d) गतिओ

**12.** अच्छा व्यक्ति बनने के लिए ·········· को अपनाना चाहिए। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित बहुवचन शब्द से कीजिए।
(a) सदगुण (b) सदगुणओं
(c) सद्गुणों (d) इनमें से कोई नहीं

**13.** 'उन्होंने काम खत्म कर लिया होगा।' वाक्य में रेखांकित पद में सर्वनाम है
(a) निश्चयवाचक (b) सम्बन्धवाचक
(c) निजवाचक (d) पुरुषवाचक

**14.** 'मुझे पाँच एकड़ जमीन खेती के लिए चाहिए।' वाक्य में रेखांकित शब्द में विशेषण है
(a) संख्यावाचक
(b) गुणवाचक
(c) परिमाणवाचक
(d) सार्वनामिक

**15.** 'आदित्य ने पेंसिल से लिखा।' वाक्य में करण कारक है
(a) आदित्य (b) ने
(c) पेंसिल (d) से

**16.** 'दानी कर्ण ने इन्द्र को कवच और कुण्डल दान दिए।' वाक्य में रेखांकित शब्द में कारक है
(a) कर्ता (b) करण
(c) सम्प्रदान (d) कर्म

**17.** 'इसी कारण राहुल कक्षा में प्रथम आया था।'
इस वाक्य में ······ है।
(a) वर्तमान काल (b) भूतकाल
(c) भविष्यकाल (d) इनमें से कोई नहीं

**18.** दोपहर को सूरज ······ चमकता है। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित क्रिया-विशेषण शब्द से कीजिए।
(a) जल्दी (b) थोड़ा
(c) तेज (d) धीरे

**19.** 'अनूप की तुलना में आयुष अधिक खेलता है।'
वाक्य में रेखांकित शब्द है
(a) क्रिया-विशेषण (b) सम्बन्धबोधक
(c) विशेषण (d) समुच्चयबोधक

**20.** कौआ पेड़ ······ काँव-काँव कर रहा है।
रिक्त स्थान की पूर्ति सम्बन्धबोधक शब्द से कीजिए।
(a) के साथ (b) के बारे में
(c) के ऊपर (d) के द्वारा

**21.** बाहर वर्षा हो रही है ············ पकोड़े खाने का मन कर रहा है।
रिक्त स्थान की पूर्ति उचित सम्मुच्चयबोधक अव्यय से कीजिए।
(a) बल्कि (b) मगर
(c) इसलिए (d) किन्तु

**22.** 'भारत नए-नए परमाणु परीक्षण कर रहा है।' वाक्य में रेखांकित पद में कौन-सी सन्धि है?
(a) गुण सन्धि (b) यण् सन्धि
(c) वृद्धि सन्धि (d) दीर्घ सन्धि

**23.** 'यशोगान' का सन्धि विच्छेद होगा
(a) यश + गान (b) यशो + गान
(c) यशः + गान (d) यशा + गान

**24.** अध्यापक ने कहा—'अपनी मातृ भाषा में लिखकर अभ्यास करो' वाक्य में किस चिह्न का प्रयोग हुआ है?
(a) लाघव चिह्न (b) अल्प विराम
(c) निर्देशक चिह्न (d) अर्द्ध-विराम

**25.** निम्न में से कौन-सा शब्द शुद्ध है?
(a) घनीष्ट (b) घनिष्ट
(c) घनीष्ठ (d) घनिष्ठ

**26.** दिए गए वाक्यों में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
(a) शायद आज वर्षा अवश्य होगी।
(b) वहाँ लगभग शान्ति थी।
(c) जंगल में शेर चिंघाड़ने लगे।
(d) वाह! कैसा मनोहारी दृश्य है।

**27.** अल्प विराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है
(a) सम्बोधन के बाद
(b) विस्मयसूचक के बाद
(c) 'हाँ' या 'नहीं' पर बल देने के लिए
(d) उपरोक्त सभी

**28.** 'दीर्घाकार' शब्द में उपसर्ग है
(a) दी (b) दीघ
(c) दीर्घ (d) इनमें से कोई नहीं

**29.** निम्न में से प्रत्यय युक्त शब्द नहीं है
(a) धोबिन (b) महत्त्व
(c) ममेरा (d) नसीब

**30.** दिए गए विकल्पों में से 'विस्तार' का विलोम शब्द होगा
(a) छोटा (b) सूक्ष्म
(c) संक्षेप (d) लघु

**31.** निम्न में से कौन-सा जोड़ा विपरीतार्थक नहीं है?
(a) ध्वस्त-निर्माण (b) खण्डन-मण्डन
(c) उद्घाटन-समापन (d) अनुराग-सुबोध

**32.** निम्न में से कौन-सा 'यमुना' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) अर्कजा (b) सुरसरि
(c) रवि सुता (d) कालिन्दी

**33.** दिए गए अनेकार्थी शब्द समूह में से कौन-सा शब्द समूह सही है?
(a) अंबर, वस्त्र, कृपा
(b) सेना, बल, हाथी
(c) गेहूँ, सोना, कनक
(d) वर्ण, असत्य, अक्षर

**34.** 'कर्म कर फल की इच्छा मत कर' वाक्य में रेखांकित शब्द का अर्थ है
(a) हाथ (b) टैक्स
(c) करना (d) इनमें से कोई नहीं

**35.** 'माँ दुर्गा की हम पूजा करते हैं।' वाक्य में रेखांकित शब्द का पर्यायवाची होगा

(a) शाम्भवी (b) पत्नी

(c) दासी (d) पार्वती

**36.** 'अचल' शब्द का अर्थ है–'स्थिर', तो 'अचला' का अर्थ होगा

(a) चलायमान (b) पृथ्वी

(c) स्थविर (d) गतिमान

**37.** 'बरस पड़ना' मुहावरे का सही प्रयोग किस वाक्य में हुआ है?

(a) आसमान में बादल घिरे और बरस पड़े।

(b) धनिक ने गरीब को इतना धन दिया जैसे बादल बरस पड़े हों।

(c) गलती बड़े बाबू की थी पर साहब उसके लिए चपरासी पर बरस पड़े।

(d) बिन बादल बरस पड़ना चकित करता है।

**38.** 'एक म्यान में दो तलवारें नहीं समा सकतीं' लोकोक्ति का अर्थ है

(a) बड़े उद्देश्य को लेकर कार्य प्रारम्भ करना।

(b) दो समान अधिकार वाले व्यक्ति एकसाथ कार्य नहीं कर सकते।

(c) एक समय में एक ही कार्य करना फलदायी होता है।

(d) दोषी व्यक्ति द्वारा निर्दोष पर दोषारोपण करना।

**निर्देश** (प्रश्न संख्या 39-40) दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

महाराज जनक विदेह में राज्य करते थे। उनकी राजधानी मिथिला थी। मिथिला नगरी में राजमहल के आस-पास लगभग एक हजार संन्यासियों की पर्णकुटियाँ थीं। मिथिला के सिंहासन पर बैठने पर भी महाराज जनक को फकीरी का शौक था। कहा जाता है कि महाराज जनक ज्ञानी थे। वे इस तरह राज-काज सँभालते मानो स्वयं परमात्मा के विनयशील सेवक हैं।

सुबह से शाम तक सारे राज्य का प्रबन्ध करते, शत्रुओं का पता करते, अपराधी को दण्ड देते, लोक-कल्याण के उपाय करते और इतना सब-कुछ करने पर भी वे किसी सांसारिक कार्य में लिप्त नहीं होते थे। इसलिए लोग उनको विदेह जनक कहते थे।

**39.** राजमहल के आस-पास किसकी पर्णकुटियाँ थीं?

(a) संन्यासियों की (b) राजाओं की

(c) किसानों की (d) हरिजनों की

**40.** परमात्मा के विनयशील सेवक किसे कहा गया?

(a) प्रजा को (b) संन्यासियों को

(c) महाराजा जनक को (d) ये सभी

## सेक्शन '2' (2 अंक)

**41.** दी गई सूचियों को सही सुमेलित कीजिए।

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | तत्सम | 1. | धूमधाम |
| B. | तद्भव | 2. | भीख |
| C. | देशज | 3. | इनाम |
| D. | विदेशी | 4. | भिक्षा |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**42.** दी गई सूचियों को सही सुमेलित कीजिए।

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | शब्द युग्मों के बीच में | 1. | (?) |
| B. | वाक्य के अन्त में | 2. | (-) |
| C. | प्रश्न पूछने में | 3. | (" ") |
| D. | बात को ज्यों का त्यों रखने में | 4. | (।) |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**43.** निम्न में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

| | भाषा | बोली |
|---|---|---|
| (a) | पूर्वी हिन्दी | अवधी, बघेली |
| (b) | पश्चिमी हिन्दी | खड़ीबोली, कन्नौजी |
| (c) | बिहारी | मंडियाली, गढ़वाली |
| (d) | राजस्थानी | मेवाड़ी, हाड़ौती |

**44.** निम्नलिखित वाक्य में कालवाचक विशेषण का उदाहरण है

1. मेरी छोटी बहन प्रतिदिन स्कूल जाती है।
2. सोनल यहाँ रहती है।
3. वह उतना ही भार उठा सकता है।
4. वह अभी-अभी अन्दर आया है।

**कूट**

(a) केवल 1 (b) केवल 4
(c) 1 और 4 (d) 2 और 3

**45.** 'खुश' उपसर्ग से बने शब्द हैं

1. खुशमिजाज 2. खुशहाल
3. खुशबू 4. खुशनसीब

**कूट**

(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 4

**46.** दी गई सूचियों को सही सुमेलित कीजिए।

| | **सूची I** (शब्द) | | **सूची II** (पर्यायवाची) |
|---|---|---|---|
| A. | अनुपम | 1. | भूषण, आभूषण |
| B. | अंकुश | 2. | शामिल, सम्मिलित |
| C. | अन्तर्गत | 3. | नियन्त्रण, दबाव |
| D. | अलंकार | 4. | अनोखा, अपूर्व |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**47.** दिए गए वाक्यों में तीर शब्द के अर्थ क्या होंगे?

1. नदी के तीर पर घना वृक्ष है।
2. जयेश तीर चला रहा है।

**कूट**

(a) 1. बाण, 2. पत्ता
(b) 1. किनारा, 2. बाण
(c) 1. किरण, 2. नदी का किनारा
(d) 1. जल, 2. सारथी

**48.** उचित कारक चिह्नों का प्रयोग कर रिक्त स्थानों को भरिए। जब रौनक घर ...... विद्यालय जा रहा था, तब रास्ते ...... उसकी नजर एक भिखारी पर पड़ी, जो पानी ...... साथ रोटी खा रहा था। उसे देखकर उसे दया आई और उसने बैग में से टिफिन निकालकर भिखारी ...... दे दिया।

(a) से, में, के, को (b) से, ने, को, द्वारा
(c) को, से, में, से (d) के, में, अरे, ने

**49.** निम्न में से कौन-सा युग्म सही नहीं है?

1. उपकार-अपकार
2. कुमार्ग-सुमार्ग
3. अवनति-उन्नति
4. धरती-धरा

**कूट**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 3 (d) केवल 4

**50.** दिए गए कथनों को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए।

**कथन 1** विसर्ग (:) के बाद यदि स्वर या व्यंजन आए तो (:) में जो विकार उत्पन्न होता है, उसे विसर्ग सन्धि कहते हैं।

**कथन 2** 'निः + फल' की सन्धि से 'निष्फल' शब्द बनता है।

**कूट**

(a) कथन (1) सही है, परन्तु कथन (2) गलत है।
(b) कथन (1) और (2) दोनों सही हैं।
(c) कथन (1) गलत है, परन्तु कथन (2) सही है।
(d) कथन (1) और (2) दोनों गलत हैं।

# Tie-Breaking सेक्शन

**निर्देश**

1. इस खण्ड में 5 प्रश्न हैं।
2. इस खण्ड में प्राप्त अंकों को कुल अंकों में नहीं जोड़ा जाएगा।
3. यदि दो या दो से अधिक छात्रों के समान अंक आते हैं, तो उनमें विजेता का चयन इस खण्ड में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।
4. इस खण्ड को करना अनिवार्य नहीं है। छात्र इसे कर भी सकते हैं और नहीं भी।

**1.** 'हमने रक्षाबन्धन का त्योहार धूमधाम से मनाया।'
वाक्य में रेखांकित शब्द में प्रत्यय है

(a) धन (b) ध
(c) न (d) बन्ध

**2.** दिए गए कथनों को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए।
**कथन** (1) बालक दौड़ रहा है। वाक्य में द्विकर्मक क्रिया है।
**कथन** (2) दादाजी अखबार पढ़ रहे हैं। वाक्य में सकर्मक क्रिया है।

**कूट**
(a) कथन 1 सही है, परन्तु कथन 2 गलत है।
(b) कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।
(c) कथन 1 और 2 दोनों गलत हैं।
(d) कथन 1 गलत है, परन्तु कथन 2 सही है।

**3.** निम्न वाक्यों में से वर्तमान काल के वाक्य हैं
1. गाय धीरे-धीरे चल रही है।
2. कनिका पत्र लिख रही है।
3. अनु कहानी लिख रही होगी।
4. मैं कक्षा में प्रथम आया था।

**कूट**
(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1 और 2 (d) केवल 4

**4.** 'दादाजी धीरे-धीरे चलते हैं, क्योंकि वे बूढ़े हो गए हैं।' इस वाक्य में समुच्चयबोधक अव्यय है
1. दादाजी 2. धीरे-धीरे
3. चलते हैं। 4. क्योंकि

**कूट**
(a) 1 और 2 (b) केवल 2
(c) 3 और 4 (d) केवल 4

**5.** दी गई सूचियों को सही सुमेलित कीजिए।

| | **सूची I** (शब्द) | | **सूची II** (लिंग) |
|---|---|---|---|
| A. | सप्ताह | 1. | स्त्रीलिंग |
| B. | पर्वत | 2. | नित्य पुल्लिंग |
| C. | देवनागरी | 3. | नित्य स्त्रीलिंग |
| D. | मकड़ी | 4. | पुल्लिंग |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |